**उपाध्यक्ष महोदय** : मेरी समझ में व्यवस्था का इतना ही सम्बन्ध है कि डा० लोहिया कहते हैं कि उन्होंने पहले किसी वक्त नोटिस दिये थे लेकिन उनका नाम नहीं आया । मैं फाइल निकलवा कर देखूंगा और बतलाऊंगा कि क्या वजह है, क्यों उन का नाम नहीं आया है । अगर उनका नोटिस भी कहीं है तो उन का नाम आना चाहिये था । मैं उनको जवाब दे दूंगा ।

---

**12.31 hrs**

## RE: MOTIONS FOR ADJOURNMENT AND CALLING-ATTENTION NOTICES

### SITUATION ON KUTCH BORDER

**Mr. Speaker:** I have received several adjournment motions, about five probably, from Dr. L. M. Singhvi, Shri Hukam Chand Kachhavaiya, Shri Ram Sewak Yadav, Shri Prakash Vir Shastri, Dr. Ram Manohar Lohia, Shri Madhu Limaye, and Shri Kishan Pattnayak, and also several calling-attention notices from Shri Hem Barua, Shri Vishwa Nath Pandey, Shri Nath Pai, Shri Prakash Vir Shastri, Dr. L. M. Singhvi, Shri Hukam Chand Kachhavaiya, Shri U. M. Trivedi, Shri Yashpal Singh, Shri D. C. Sharma, Shri Madhu Limaye, Dr. Ram Manohar Lohia, Shri Kishan Pattnayak Shri P. Venkatasubbiah, Shri Ram Sewak Yadav, Shri Narendra Singh Mahida, Shri Jashvant Mehta, Shri Surendranath Dwivedi, Shri Warior, Shri Vasudevan Nair and Shri Onkarlal Berwa. I have received these today. These are about the occupation of Indian posts on the Kutch border and the reported cease-fire proposals.

I have received intimation that the hon. Prime Minister is going to make a statement. I shall take these up after I have heard the statement of the Prime Minister.

**Shri Hari Vishnu Kamath** (Hoshangabad): When is he going to make the statement?

**Mr. Speaker:** Today, just now.

**श्री रामसेवक यादव** (बाराबंकी) : इसके पहले कि प्रधान मंत्री कुछ कहें, मैं निवेदन करना चाहता हूं । प्रधान मंत्री जी जो बयान देने जा रहे हैं क्या वह कच्छ के इलाके के बारे में है जो कि पाकिस्तान के कब्जे में है और जिसके बारे में हम लोगों ने कार्य स्थगन प्रस्ताव दिया है । यदि उसी सम्बन्ध में है, तो मेरा निवेदन है कि आप पहले कार्यस्थगन प्रस्ताव लें और उनके बयान को बाद में ।

**अध्यक्ष महोदय:** मैं पहले बयान सुनूंगा ।

**The Prime Minister and Minister of Atomic Energy (Shri Lal Bahadur Shastri):** I shall make a brief statement in regard to the cease-fire proposals about which I am told that there have been some misgivings.

**Shri Nath Pai** (Rajapur): Some of us had written a letter to the Prime Minister on the subject but we have not got any reply yet.

**Shri Lal Bahadur Shastri:** Therefore, I am trying to make the position quite clear. As the House would remember, I had indicated on Wednesday that some friendly countries were taking interest in bringing about a cessation of fighting on the Kutch border. The main and formal initiative in this matter has come from the Prime Minister of the United Kingdom, Mr. Harold Wilson who had addressed simultaneously a message to me as well as to President Ayub.

While these discussions are taking place, between the United Kingdom on the one side and Pakistan and India on the other, it would not be in public interest to spell out details of the British proposals. I would, however, assure the House that we shall not accept anything which is not consistent with what I had said last

[Shri Lal Bahadur Shastri]

Wednesday and which this House so generously endorsed.

**Mr. Speaker:** I think the hon. Defence Minister also wanted to make a statement.

**The Minister of Defence (Shri Y. B. Chavan):** I do not want to make a statement as such, but I would only like to make a request to you and to the House, because some calling attention notices have been received about what had happened about Biar Bet and certain other points....

**Some hon. Members:** We are not able to hear the Defence Minister.

**Shri Y. B. Chavan:** I would only like to make a request to the Speaker and to this House, because the operation in the Rann of Kutch is going on. I certainly would like to take the House into confidence and make a fuller statement after the operation comes to some sort of decision. But in the meanwhile, it is not in the interest of the security of the forces that are fighting there, to give detailed information as to what is happening and where they are and what not, today.

**Several hon. Members:** Quite correct.

**Shri Y. B. Chavan:** Unfortunately, the Pakistan press is certainly making some wrong propaganda. Let us be careful not to become any victims of that propaganda. My intention is not to hide anything from this House. I would certainly come before the House and make a fuller statement about it. But please give me the liberty to choose the time for it.

**श्री मधु लिमये (मुंगेर)** : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है ।

**अध्यक्ष महोदय** : ठहरिये, पहले मुझे श्री रंगा को सुनने दीजिये ।

**Shri Ranga (Chittoor):** Yesterday, when we had some information vouchsafed to us from various sources, we wanted to have an opportunity given to the Prime Minister to come to this House, and to take us into his confidence, but he did not find it possible. Then, we all expressed the wish, and I categorically stated that we would very much appreciate it, if the Prime Minister took the trouble to take some of us into his confidence between then and now, so that we would be in a position to know how far and in regard to what points we should press him to give information, advice, and assistance and also take the initiative in this House. He has not been pleased to do that. Now, his Defence Minister comes and tells us that we should give him, the House should give him, the freedom and the privilege of choosing the time when he should take us into his confidence and tell us the exact position achieved on that border in this particular crisis.

How is it that it has not crossed their mind that it should be advisable for them, for the Defence Minister as well as the Prime Minister, to take the leaders of the different Groups and parties, including the Congress Party—because on the last occasion they invited in addition to their own Ministers, the Secretaries of the Congress Party also, and rightly so, along with the leaders of the Opposition Groups when the Prime Minister called us into that conference—how is it that this has not crossed their mind, the advisability of calling these people and at least taking these people into their fullest possible confidence and giving us the information, and if necessary, their advice also?

Then in regard to the conversations that are going on, the negotiations, what exactly is the text of the proposal that has been placed before them by the Prime Minister of UK? Are we to understand that the Cabi-

net can be in charge of it and not the leaders of the Opposition? (*Interruptions*) do not be in a hurry....and that the Prime Minister and his Cabinet would come to a decision and afterwards only, if at all, we would be called, in order to flatter us, and later on they would face the House and the country with a *fait accompli?* Surely, that is not the way to deal with Parliament and its parties.

I would like to bring to your notice the fact that I have written a letter to the Prime Minister on April, 8. There I said:

> "I would like to suggest that in future it would be in the interest of the nation if you are good enough to call such conferences as early as possible and as frequently thereafter, whenever such issues affecting or threatening to affect national interests cutting across party alignments come up".

The Prime Minister replied on the 11th as follows:

> "The developments on the Kutch border took a rather sudden turn. However, I agree with you that we should hold such meetings as early as it is possible".

Till now, the Prime Minister has not been good enough to take anyone of us into his confidence.

**श्री मधु लिमये** : अध्यक्ष महोदय, आप ने अभी फरमाया था कि प्रधान मंत्री जी का निवेदन पेश होने के बाद आप काम-रोको प्रस्तावों और ध्यान-आकर्षण के सुझावों के बारे में फैसला करेंगे। अब प्रधान मंत्री जी का बयान आ गया है, उसके बाद सुरक्षा मंत्री जी ने यह अपील की है कि हम लोगों के द्वारा जो काम-रोको प्रस्ताव और ध्यानाआकर्षण के सुझाव दिये गये हैं उन पर हम आग्रह न करें और उनको अभी न लिया जाये। मैं कहना चाहता हूं कि विरोधी दलों के साथ सरकारी दल कोई मोहब्बत करता है या नहीं और विश्वास में लेता है या नहीं, यह सवाल नहीं है। सवाल तो सरकार की नीति का है। किस दिशा में हम जा रहे हैं, हम जो फैसले कर चुके हैं इस सदन में उनका आदर करेंगे या नहीं। यह सारा मसला है।

मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि कई बार हम लोगों से धोखा हो चुका है। मुझे याद है सन् 1948 में 21 दिसम्बर को काश्मीर के बारे में इसी प्रकार से सदन से या जनता से पूछे बिना शस्त्र संधि की गई थी। चीन के साथ भी यही हुआ। आज कच्छ के बारे में भी यही होने जा रहा है। इसलिये मैं आप से जानना चाहता हूं कि क्या काम-रोको प्रस्तावों और ध्यान-आकर्षण सुझावों को आप ले रहे हैं क्योंकि हम यह आश्वासन सरकार से चाहते हैं कि जब तक कंजरकोट के पूरे इलाके को खाली नहीं किया जाता तब तक शस्त्र संधि या हथियारबन्दी या लड़ाई-बन्दी करने की बात हरगिज नहीं होगी। एक दफे लड़ाईबन्दी हो जाने के बाद, शस्त्र संधि हो जाने के बाद जो काश्मीर में हुआ, जो लद्दाख में हुआ, जो लोंग्जू में हुआ, बारा-होती में हुआ, वही चीज कच्छ में होने जा रही है। इसलिये विरोधी दल और सरकारी दल में मोहब्बत का रिश्ता है या नहीं यह सवाल नहीं है, नीति का सवाल है।

**अध्यक्ष महोदय** : क्या व्यवस्था का प्रश्न है? मैंने दूसरे लोगों को बुलाया और आप खड़े हो गए कि मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

**श्री मधु लिमये** : आपने कहा था...

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने कहा था, तो मैं लूंगा उसको। आप बैठिए और काम को चलने दीजिए।

**डा० राम मनोहर लोहिया** (फर्रुखाबाद): मैंने एक काम-रोको प्रस्ताव दिया था, अध्यक्ष महोदय.......

**अध्यक्ष महोदय** : मैं उसको लूंगा ।

**डा० राम मनोहर लोहिया:** मेरा व्यवस्था का प्रश्न है उस काम-रोको प्रस्ताव पर । आप मुझे इजाजत दीजिए कि मैं अपने काम-रोको प्रस्ताव पर व्यवस्था का प्रश्न उठाऊं ।

**अध्यक्ष महोदय** : अपने काम-रोको प्रस्ताव पर व्यवस्था का प्रश्न ?

**डा० राम मनोहर लोहिया** : आप उसे नहीं ले रहे हैं इसलिए ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने कहा कि मैं उसे लेता हूं । आप मुझे मौका दीजिए । मैंने पहले कहा कि उसे लूंगा । अभी स्टेटमेंट हुआ और सदस्यों ने सवाल करने शुरू कर दिए । मैं उनको इजाजत दे रहा हूं । इसमें व्यवस्था का प्रश्न क्या है ?

**डा० राम मनोहर लोहिया** : आप इजाजत देंगे तो मैं आपके हुक्म पर हूं ।

**Shri Surendranath Dwivedy** (Kendrapara): Now that some proposals are being discussed and some talks are going on, I can understand that the Prime Minister is not in a position to spell out the details of the proposal, but I want to know whether they have accepted the mediation, the mediatory role that the UK Prime Minister is playing.

**Shri Hem Barua** (Gauhati): When Kanjarkot was occupied forcibly by Pakistan, our Prime Minister told us that India was prepared to effect a cease-fire on the basis of the Pakistani occupation of Kanjarkot, that that would be followed by talks towards a restoration of the *status quo ante*. Since new both Biar Bet and Point 84 are occupied by Pakistan, may we know whether Government are in a position to tell us if Government are going to effect a cease-fire in that area on the basis of these Pakistani aggressive postures? Do not the British proposals try to bind us to this position? If they do, are our Government prepared to tell Pakistan and Britain that Pakistan must withdraw from these occupied areas in that particular territory, and that if she does not, our army would decide their own strategy and there can be no cease-fire on the basis of these occupied areas being in the possession of Pakistan in the Rann of Kutch?

**Shri Vasudevan Nair** (Ambalapuzha): The situation, according to us, is becoming more serious and complicated, and we do not at all agree with the Prime Minister that he cannot divulge the socalled cease-fire proposals from the British Prime Minister. We feel that there is a deep-seated conspiracy, manoeuvre, on the part of the Imperialist Powers. With one hand they are pushing Pakistan into our territory, and with the other hand they are trying to restrain us. I am afraid our Government is walking into a trap. They have already walked into a trap. So, we are not at all prepared to accept the suggestion by the Prime Minister that the cease-fire proposal should be kept a secret from our country and from Parliament. So, I request you to ask the Prime Minister to take this House into confidence as far as the negotiations are concerned, as far as the cease-fire proposals of the so-called friends, UK and USA, are concerned.

**Shri U. M. Trivedi** (Mandsaur): In view of the statement that the Prime Minister has been pleased to make today, it is not possible for us to force him to make any further statement, but at the same time we are not feeling satisfied. It is just possible that our country would be led into a position whereby a cease-fire

of a nature not liked by the country at all is going to result, and it will be placed before us as a *fait accompli.* Can I not request, and can this House not request, the Prime Minister through you that the proposal made by Shri Ranga be accepted and that today in the afternoon the leaders of the groups be called by the Prime Minister, and the whole situation explained, so that the country may feel at rest about this dubious position that is now facing the country? Will it not be possible for him to tell us what exactly the position is?

Even with regard to the statement made by the Defence Minister, you will agree that it would be very necessary, whatever right or wrong there may be, to satisfy the country that it is not as bad as the country is thinking.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (बिजनौर): ब्रिटेन के सम्बन्ध में हमारा अनुभव बहुत कड़वा है। पिछले पौने दो सौ सालों का गुलामी का इतिहास हम भुला भी दें, तो भी स्वतंत्र होने के बाद से ब्रिटेन का रुख जो हिन्दुस्तान के साथ रहा है, वह कोई बहुत सुखद इतिहास नहीं है। पाकिस्तान की पीठ इंगलैंड वालों ने काश्मीर के प्रश्न को लेकर किस तरह थपथपायी है, और किस तरह हमारे पक्ष को नुकसान पहुंचाया है, वह इतिहास तकलीफ देह है। आज की स्थिति इस प्रकार की है कि कच्छ के सम्बन्ध में ब्रिटेन का एक प्रस्ताव हमारे प्रधान मंत्री जी के पास आया है। इस प्रस्ताव को जो युद्ध-विराम के सम्बन्ध में इंगलैंड के प्रधान मंत्री की ओर से आया है, हमारे प्रधान मंत्री जी किन्हीं कारणों वश प्रकट नहीं करना चाहते हैं। लेकिन उन्होंने अपने प्रस्ताव को कुछ दूसरे सूत्रों से प्रकट भी कर दिया है। आज के ही समाचार पत्रों में यह समाचार आ गया है जिस में बताया गया कि ब्रिटेन ने



स्पष्ट कहा है कि उसका प्रस्ताव यह है कि पाकिस्तान की सेनाएं कंजरकोट से हट जाएं, लेकिन भारतीय सेनाएं भी उस प्रदेश में न जायें, उनको वहां जाने का हक नहीं होगा। यह प्रस्ताव उनका आया है। अगर यह बात सत्य है तो मैं कहूंगा कि ब्रिटेन भारतवर्ष के साथ एक चाल खेल रहा है और हमारी पुरानी चोट में एक दूसरी चोट लगा कर उस में से फिर खून निकालना चाहता है। देश की जनता की ओर से मैं प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आपको सारे देश का समर्थन प्राप्त है। परसों जो आपने घोषणा की है कि हिन्दुस्तान भूखा नंगा रह कर मरना पसन्द करेगा लेकिन अपनी इज्जत को गिरवी नहीं रखेगा, उस में सारी जनता आपके साथ है। अगर आप अंग्रेजों की चालों में आ जाएंगे तो आप देश की सहानुभूति को खो बैठेंगे।

**Shri Nath Pai:** I would urge the Prime Minister to take the pleas that have been made from this side more seriously and not to persuade himself that this is the usual game to derive political advantage from a national catastrophe. With this, may I ask him one or two questions, and one of the Defence Minister too?

In the past, our experience has been that because of certain honesty and, maybe, a degree of gullibility, as the President has said, the cease-fires, so far as this country is concerned, have degenerated into traps for us. The pattern seems to be that an enemy comes, grabs our territory and then agrees to cease-fire. He remains in possession, and we go on assuaging our wounded self-respect by saying that we are not going to negotiate with him.

Shri Shastri has just now reminded us of that day's commonsense in this House. May I tell him that

[Shri Nath Pai]

the commonsense was on this issue that we shall resist and repel the aggression? Pakistan today has grabbed our territory, but something far more serious she is likely to get away with, if such a dishonourable cease-fire is accepted by the Government under the plea of national interest, wisdom, long-term interest and all these hollow-sounding words. Pakistan, having run away with territory, will run away with something more dangerous, more precious, more vital, and in the long run more harmful, that is the prestige of the country. We have withdrawn from some posts, and there should not be any ceasefire unless we push them with our mighty to the border line, and then let us have any talks. May I hope that this will be the posture of this country? It is in adopting this transcendental posture that Parliament is united, and not on any other issue.

Shri Chavan has asked us not to embarrass him by putting questions. We are prepared, but how long would he like us to be guessing what is happening? Does he know that foreign correspondents stationed in India flew to Karachi and were taken by the Operational Commander of the Pakistan Army to Biar Bet and shown everything, and we have been humbled to read it? Would it not have been desirable, if you cannot take somebody from there, to have taken some correspondents and shown them the truth of it? If you do not want us to fall a victim to the propaganda of Pakistan, there should be regular statements by the Prime Minister, by the Defence Minister. We also feel deeply humbled that it is Radio Pakistan which should have told this country first that Biar Bet has fallen.

There is no question of any kind of *muhabbat* or *prem*. We are speaking for our rights and expressing our anxiety. Let not this anxiety be misinterpreted in any other manner except the common resolve we have adopted. We want, therefore, a categorical assurance. General words that in the national interest nothing can be disclosed will not be enough. The nation is not in a mood to put up with this.

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अध्यक्ष महोदय, मुझे सरकार से या शास्त्री जी से अंग्रेजी प्रस्ताव के बारे में जानने की कोई जरूरत नहीं है और न मैं चाहता हूं । मैं केवल हिन्दुस्तान की नीति जो इस लोक-सभा में कल तक आ चुकी है उसके बारे में कहना चाहता हूं ।

दो तरह की गोलीबन्दी इस वक्त तक आ चुकी है । एक तो प्रधान मंत्री जी ने कल खुद फरमाया था कि बरसात आ रही है, पानी भर जाएगा, तब हम उस इलाके में कुछ नहीं कर पायेंगे, और दूसरी गोली-बन्दी अब श्री विलसन के प्रस्ताव के अनुसार आ रही है । इन दोनों पर ध्यान देना होगा । श्री विल्सन अकेले काम नहीं करते । श्री जानसन के साथ मिलकर के वे काम कर रहे हैं । सब से पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि अंग्रेज और अमरीकी सरकार के बारे में जब से मुझ को श्री गैलब्रेथ का संवाद मिला है तब से मेरा दिमाग बिल्कुल साफ़ हो चुका है कि यह बहुत नादान सरकार है । मैं और कड़ा शब्द नहीं इस्तेमाल करना चाहता । अगर इंगलिस्तान की पार्लियामेंट होती तो मैं कहता कि यह गधी सरकारें हैं क्योंकि ये वियटनाम में तो हवाई हमला किया करती हैं जहां पर जीतने की कोई संभावना नहीं है लेकिन जहां पर कि चीन ने हिन्दुस्तान पर आक्रमण कर दिया और हमारी जमीनें जाने लगीं उस में उन्होंने मना किया कि बढ़ती हुई चीनी सेनाओं के ऊपर हवाई हमला मत करो । यह मैं पुरानी बात कह रहा हूं । मैं भविष्य का अंदाजा नहीं लगा रहा हूं । मैं अंग्रेज अमरीकीयों की उस पुरानी बात

को जानते हुए यह कहता हूं कि चाहे तो आदर्श की बात करें और चाहे नादानी की करें यह हिन्दुस्तान को हमेशा बकरे की तरह बलिदान पर चढ़ाना चाहते हैं। पहली बात तो यह है । दूसरी बात शास्त्री जी के बारे में कहना चाहता हूं . . .

**एक माननीय सदस्य:** यह बकवास है ।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** यह बड़ा गम्भीर मामला है ।

**अध्यक्ष महोदय :** डाक्टर साहब मैं बड़ी गम्भीरता से सुन रहा हूं ।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** लेकिन देखिये अध्यक्ष महोदय यह जो ।

**अध्यक्ष महोदय :** पुरानी बात भी आप ने कह दी । अब जो आप शास्त्री जी के सम्बन्ध में कहना चाहते हैं वह आप कह डालें ।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** शास्त्री जी के सम्बन्ध में मैं इतनी बातें कह सकता हूं

**अध्यक्ष महोदय :** वह और तमाम बातें इस वक्त जाने दीजिये । जो बातें कहनी हैं वह सिर्फ इस वक्त की कहनी हैं ।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** पानी वहां पर भरने वाला है यह शास्त्री जी कह चुके हैं, इधर यह इन के सामने प्रस्ताव आ चुका है, और और भी तरीके आ चुके हैं। कल तो यहां पर ऐसी बातें हुई थीं जैसे मान ल युद्ध छिड़ने वाला हो और उस के साथ साथ हंसी और मजाक चल रहा था । आज हम को इस लोक सभा में कुछ गम्भीरता अपनानी चाहिए । क्या हम पाकिस्तान से युद्ध की स्थिति में हैं ? या हम पाकिस्तान से खाली नोक झोंक का मजाक कर रहे हैं। अगर युद्ध की स्थिति में हैं तो मैं कहना चाहता हूं कि शास्त्री जी इस वक्त अपनी सरकार को केंचुआ सरकार बनाये हुए हैं वह जो बरसात में केंचुआ चला करता है जिसका कि कोई नतीजा नहीं निकला करता और मैं अपने आप को निकम्मा कहता हूं कि मैं इतना निकम्मा हूं कि इस सरकार को हटा नहीं पाता । लेकिन यह सरकार इतनी निर्लज हो गई है कि शास्त्री जी जमीन पर जमीन खोते चले जा रहे हैं लेकिन अभी तक कोई अपना संकल्प नहीं कर पा ते हैं . . .

**अध्यक्ष महोदय :** अब आप खत्म भी करियेगा ?

**डा० राम मनोहर लोहिया :** मुझे अपना वाक्य तो खत्म कर लेने दीजिये और फिर मैं कोई बात दुहरा भी नहीं रहा हूं ।

**अध्यक्ष महोदय :** डा० साहब आप की फर्टिल्टी इतनी हो गयी है कि आप सारा वक्त ले लें तो भी आप की बात खत्म न हो। आप के दिल में कई खयाल होंगे लेकिन तो भी हमें समय का तो ध्यान रखना ही पड़ेगा ।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** शास्त्री जी को इतनी बुद्धि आनी चाहिये, कम से कम इतनी लज्जा उन को होनी चाहिए कि अगर हम उन को आज नहीं हटा सकते हैं तो वह खुद ही हट जायें । इतनी लज्जा तो उन को होनी ही चाहिए ।

**श्री मौर्य** (अलीगढ़): मैं एक क्षण में अपनी बात समाप्त करे देता हूं । संकट और संघर्ष के समय सत्ताधारी दल के नेता देश के प्रधान मंत्री विरोधी दल के नेताओं का विश्वासपात्र बनने की कोशिश करते रहते हैं और उनका सहयोग लेते रहे हैं । भविष्य के लिए भी मैं कहना चाहता हूं कि चाहे संधि की बात हो या और कोई बात और विशेष कर ऐसे मुल्क के साथ जिसका कि जन्म फेने-टिज्म में हुआ था, साम्प्रदायिकता में हुआ था

[श्री मौर्य]

और जो कि सिर्फ शक्ति की भाषा ही जानता है तो एसी स्थिति में अगर विरोधी दलों को विश्वास पात्र बनाये बगैर कोई संधि की जायगी तो वह कोई समझदारी की बात नहीं होगी ।

**Dr. L. M. Singhvi** (Jodhpur): Mr. Speaker, I only want to point out that in bringing the Adjournment Motion and the Calling Attention Notices, our main purpose was and is to draw the attention of the Government to the deeply distressing circumstances under which it appears we had to abandon our positions in Biar Bet and Point 84. We would like, before this matter is taken up, as you said, that the Government should clarify at least in respect of what has already happened and what has been broadcast all over the world except in India. There is no defence or there is no strength in the plea that the hon. Prime Minister and the Defence Minister made that in the interests of the public, in public interests, and in the interests of national security, which are close and dear to our heart, no information even about the events and happenings which are known all over the world would be conveyed and communicated to this House. We can understand that the exigency of the present conflict requires us to be restrained and to be patient about certain kinds of information, but it is hardly possible for any minister in a parliamentary democracy to claim that there must be a moratorium on providing any information whatever to this House.

**Several hon. Members** *rose—*

**Mr. Speaker:** Order, order. Shri Kachhavaiya's name was both in the Adjournment Motion and in the Calling Attention Notice.

**Shri Sivamurthi Swamy** (Koppal): Our group has not spoken.

**Shri Daji** (Indore): Once the second round starts, others also should be called, Sir.

**श्री यशपाल सिंह** (कैराना) : अध्यक्ष महोदय, मैंने 100 कौलिंग अटेंशन नोटिस दिये हैं । मैं एक जरा सी बात कहना चाहता हूं और वह यह है कि हमारी सीमाओं पर हमला किया गया, हमारी जमीन छीनी गई, हमारी चौकियों के ऊपर कब्जा हुआ तो ऐसी हालत में इंग्लैंड के प्राइम मिनिस्टर कौन होते हैं इंटरवीन करने वाले ? वह एग्रेसर और एग्रैस्ड को एक तराजू में तोलना चाहते हैं, कांच और कंचन को एक ही तराजू में तोलना चाहते हैं और जालिम और मजलूम को एक ही तराजू में रख कर तोलना चाहते हैं तो मैं जानना चाहता हूं कि आज भारत सरकार क्या इस पोजीशन में है कि वह यह डिसीशन ले कि जो हमारा बियारबेट और कंजरकोट का इलाका उन्होंने हथिया लिया है तो उसके बदले में हम पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी इलाका हथिया लें और इस तरह से इज्जत व प्रतिष्ठा को कायम रखते हुये देशभक्ति का परिचय दें ? क्या भारत सरकार ऐसा करने की पोजीशन में है ?

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (देवास) : मैं प्रधान मंत्री से एक ही बात कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार आज से नहीं बल्कि पहले से जोरदार और कड़े शब्द कहने में माहिर है, इतने मजबूत और जोरदार शब्दों का यह सरकार इस्तेमाल करती है कि उस बारे में जनता को समाचारपत्र में देखने से तो यह लगता है कि यह सरकार शत्रु से लोहा लेना और उसे पीछे हटाने के लिए तैयार है लेकिन अनेकों बार इस सरकार ने जनता का विश्वास खोया है। क्या सरकार को वह दिन याद है जब पाकिस्तान बना था तो उनकी ओर से यह नारा लगाया गया था कि हंस कर लेंगे पाकिस्तान और लड़ कर लेंगे हिन्दुस्तान ? पाकिस्तानी अपने उसी पुराने नारे को सफल करने के लिए लगातार जुटे हुए हैं और त्रिपुरा, असम, बंगाल, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर और गुजरात इन सब राज्यों की सीमाओं

पर उन्होंने अपनी सेनाएं इकट्ठी कर रखी हैं तो ऐसी गम्भीर परिस्थिति में इन सब बातों को छोड़ कर यह भाषणबाज़ी छोड़ कर क्या भारत सरकार यह नीति अपनाने को तैयार है कि उन्हें उनकी सीमा में 100 मील अन्दर तक खदेड़ कर हटा दिया जाये ? हम उन देशों की तारीफ करते हैं जोकि हमारे बारे में चिंतित हैं लेकिन उस सम्बन्ध में मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि हम उस की सीज़ फायर करने की बात तब तक न मानें जब तक पाकिस्तान जहां से वह आया है उसे उसके इलाक़े में 100–200 मील पीछे न खदेड़ दिया जायें ।

**श्री रामेश्वरानन्द** (करनाल) : मेरी एक मिनट की बात सुन लें ।

**अध्यक्ष महोदय** : जब मैं बाक़ी लोगों को चांस नहीं दे रहा हूं तो फिर आपकी कैसे सुन सकता हूं ।

**श्री रामेश्वरानन्द** : सिर्फ एक थोड़ा सा निवेदन करना है ।

**अध्यक्ष महोदय** : स्वामी जी आप मेरी बात मान जाइये और इस वक्त बोलने की जिद न कीजिये ।

This is the legitimate demand of the Members of the House that they should be given intimation which is appearing in the papers and which everybody knows; they want that what the facts are should be conveyed. I agree with them to that extent. But so far as the other things are concerned, we have to be very cautious. I have been argued that the Government should tell us what the talks are that are going on about cease-fire. It have been asked here that the Government must give the information as to what it is going to do. It has also been insisted as to what the terms of that request or mediation—or whatever it may be called—are: we do not call it mediation; it is not mediation so far as I can see. They want to know what exactly the precise terms are, or what is being conveyed to them.

**Shri Surendranath Dwivedy**: And what is the role the British Prime Minister is playing if it is not mediation.

**Mr. Speaker**: My request to the House is that the functions of Parliament are to lay down the broad policies. Within those policies, the executive has to administer the country. The administration has to be left to the Government. If it ever violates, exceeds, transgresses, those limits that have been laid down by the Parliament, it has no right to survive· it must go out. (*Interruption*).

Government has been returned by a majority; Government would certainly obey the directions of Parliament. The Parliament here adopts the policy and the Government shall have to act according to the policy that Parliament lays down. We have had that discussion the other day and the attitude of the Government also has been declared in unequivocal terms. Parliament has adopted that resolution almost unanimously here.

**Shri Hari Vishnu Kamath**: Unanimously, not almost.

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अध्यक्ष महोदय, वह भी मन्जिल आती है, जब जनता बलवा कर के सरकार को खत्म किया करती है ।

**अध्यक्ष महोदय** : गवर्नमेंट को इतना तो अख़्त्यार तो देना पड़ता है कि अगर वह किसी से बातचीत कर रही है, तो वह उस वक्त तक न बताए, जब तक कि वह बातचीत चलती है । अगर गवर्नमेंट को यह कहा जाये कि वह बताए कि मि० विल्सन ने उस को क्या चिट्ठी लिखी है या हमारी फ़ौज कितने कदम पीछे हटी है या वह किस जगह है और वह आगे क्या करना चाहती

[अध्यक्ष महोदय]

है या कमांडर को यह हिदायत दे कि वह इस तरफ़ ..........

**श्री मधु लिमये** : ऐसी बात नहीं है। माननीय सदस्य युद्ध-विराम के बारे में पूछना चाहते हैं।

**श्री रामसेवक यादव** : हम लोग यह सब तो नहीं पूछना चाहते।

**अध्यक्ष महोदय** : अगर माननीय सदस्य यह नहीं चाहते, तो ठीक है। मैं तो ये मिसालें दे रहा हूं कि जब आपरेशन्ज़ चल रहे हों और जब मिलिटरी इनचार्ज है, तो उस वक्त पालियामेंट का डीटेल्ज़ में दखल देना कि वहां पर जेनेरल्ज़ क्या कर रहे हैं..... (*Interruptions*).

**श्री मधु लिमये** : अध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। आप सुनिये।

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं, मैं नहीं सुनता। आप बैठिये।

**श्री रामसेवक यादव** : अध्यक्ष महोदय,..

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य अब बैठ जायें। मैंने काफ़ी वक्त दिया है और सब कुछ सुना है।

**श्री रामसेवक यादव** : अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि आप जो कह रहे हैं...

**अध्यक्ष महोदय** : अब मैं और नहीं सुनूंगा। (*Interruptions*).

**श्री रामसेवक यादव** : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य "गेट आउट" कह रहे हैं। यह कौन सी भलमनसत है ?

**अध्यक्ष महोदय**: मैं उन को भी मना करूंगा। माननीय सदस्य बैठ जायें। (*Interruptions*).

**एक माननीय सदस्य** : पाकिस्तान से लड़ो, हम से क्यों लड़ रहे हैं ?

**एक माननीय सदस्य** : पाकिस्तान से लड़ने की तो हिम्मत नहीं है। (*Interruptions*).

**एक माननीय सदस्य** : ये हमेशा पिटते रहेंगे--पहले चीन से पिटे हैं और अब पाकिस्तान से। (*Interruptions*).

**श्री रामसेवक यादव** : अध्यक्ष महोदय, मैं आप से यह विनम्र निवेदन कर रहा हूं कि हम लोग यह नहीं जानना चाहते कि कहां पल्टन है, कितने सिपाही हैं, कौन कमांडर है। जो प्रश्न यहां पर उठाए गए हैं, उनका कोई उत्तर नहीं दिया गया है।

**श्री मधु लिमये** : प्रश्न युद्ध-विराम का है।

**अध्यक्ष महोदय** : मैं पूछना चाहूंगा कि अगर गवर्नमेंट ने मिलिटरी को कोई डायरेक्शंज़ दी हैं कि वह इस जगह पीछे हट जाये या इस जगह आगे जाये,... (*Interruptions*).

**एक माननीय सदस्य** : वह सवाल नहीं है।

**श्री रामसेवक यादव** : हम यह नहीं पूछ रहे हैं। इन बातों को आप अनावश्यक ले रहे हैं।

**श्री मधु लिमये** : लोग केवल इतना जानना चाहते हैं कि क्या युद्ध-विराम होगा और हमारा इलाका पाकिस्तान के कब्ज़े में ही रहेगा। पहले वे लोग हटेंगे बाद में युद्ध-विराम होगा, यह सवाल है। (*Interruptions*).

**डा० राम मनोहर लोहिया** : क्या यह आदमी का दिल है ? सरकार का आदमी का दिल नहीं है, मुर्गी का दिल है। (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य अब बार-बार खड़े न हो जायें।

**श्री रामसेवक यादव** : अध्यक्ष महोदय,... (*Interruptions*).

**श्री मधु लिमये** : आप काम रोको प्रस्ताव ले लें, मामला ख़त्म हो जायेगा ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैं काम रोको प्रस्ताव को ले रहा हूं । वह काम रोको प्रस्ताव इस तरह नहीं आ सकता है और मैं उस को नामन्ज़ूर करता हूं, उस को कन्सेन्ट नहीं देता हूं, क्योंकि पालियामेंट ने गवर्नमेंट को जो पालिसी देनी थी, वह पालिसी उसने दे दी है ।

**श्री मधु लिमये** : नीति पर अमल करने की छूट या देश को बेचने की ?

अब गवर्नमेंट को एडमिनिस्टर करना है और उस पालिसी के अन्दर काम चलाना है । यह बात कह दी गई है कि आपेरेशन्ज़ मिलिटरी को दे दिये गए हैं । अब उनका काम है कि वे उनको चलायें । कहां वे मुनासिब समझते हैं कि . . . (*Interruptions*).

**श्री मधु लिमये** : इंग्लैंड को चरचिल तो शेर था, यह मुर्गी है ।

**अध्यक्ष महोदय** : आर्डर आर्डर । (*Interruptions*).

**एक माननीय सदस्य** : मुर्गी से भी कमजोर दिल हो गया है सरकार का ।

**अध्यक्ष महोदय** : इस वक्त . . . (*Interruptions*). अब कोई चीज़ नहीं लिखी जायेगी ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : **

**श्री क० ना० तिवारी (बगहा)** : **

**श्री रामेश्वरानन्द** : **

**श्री मधु लिमये** : **

**अध्यक्ष महोदय** : अब सब माननीय सदस्य बैठ जायें । (*Interruptions*). आर्डर, आर्डर ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : **

**अध्यक्ष महोदय** : अब मैं डा० राम मनोहर लोहिया को कहता हूं कि वह रुकावट डाल रहे हैं ।

**श्री रामसेवक यादव** : जो उधर रुकावट डालने वाले हैं, उनको आप रोकते नहीं हैं । (*Interruptions*).

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने उनको बन्द किया है और वे बैठ गए हैं ।

**श्री रामसेवक यादव** : आप हमारे बारे में हमेशा रुकावट डालने की बात कहते हैं, इसका क्या मन्शा है ?

**Shri Ranga:** It is the Congress members who are provoking them.

**Mr. Speaker:** First I have asked him to sit down. He must follow the sequence of the proceedings.

क्या हमने पाकिस्तान से इसी तरह लड़ना है कि यहां आपस में लड़ते रहें ? (*Interruptions*).

**एक माननीय सदस्य** : यहां अभ्यास कर रहे हैं, वहां लड़ेंगे । (*Interruptions*).

**अध्यक्ष महोदय** : पार्लियामेंटों में झगड़े भी हुए हैं, बहसें भी बहुत हुई हैं, जोश भी बहुत दफ़ा हुआ है—न सिर्फ इस पार्लियामेंट में, बल्कि और पार्लियामेंटों में भी, लेकिन एक चीज़ का पास तो रखा जाता कि स्पीकर की थोड़ी सी इज्ज़त की जाये, ताकि कार्यवाही चल सके ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अंग्रेजों के यहां स्पीकर को एक बार हाथ पकड़ कर, गला पकड़ कर रखा गया था । अगर आप कहें, तो मैं मेज़ पार्लियामेंटरी प्रैक्टिस में से बता दूं । लेकिन मैं यह बात नहीं करूंगा ।

**अध्यक्ष महोदय** : अगर माननीय सदस्य के दिल में यही है . . .

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मैं यह बात कभी नहीं करूंगा । चूंकि आप ने पार्लियामेंटरी प्रैक्टिस की बात कही है, इसलिए मैंने आप का ध्यान दिलाया है कि पार्लियामेंट में क्या चीज़ें होती हैं । आप हम लोगों को थोड़ा सा तो समझिए । आखिर हम यहां पर कुछ काम करने आए हैं । (*Interruptions*).

**Not recorded.

**अध्यक्ष महोदय** : रंगा साहब कहते हैं कि डोंट गो टु दि एक्सट्रीम । माननीय सदस्य मझे चलने नहीं देते । मैं क्या करूं ?

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मैं चलने देता हूं । (*Interruptions*).

**श्री किशन पटनायक** (सम्बलपुर) : ये लोग नहीं चलने देते हैं, इन को आप ने क्या कहा है ? क्या हम लोग ही यहां पर डांट खाने के लिए हैं ?

**एक माननीय सदस्य** : अभी श्री विद्याचरण शुक्ल प्रस्ताव लायेंगे । (*Interruptions*).

**श्री किशन पटनायक** : तिवारी साहब क्या कह रहे थे ?

**श्री रामसेवक यादव** : और कांग्रेस पार्टी के मंत्री, श्री रघुनाथ सिंह, ने कहा कि "गेट आउट" । क्या ऐसे जिम्मेदार माननीय सदस्य को ऐसी बात कहनी चाहिए ? उनके लिए तो एक शब्द भी नहीं निकलता । (*Interruptions*).

**Shri Raghunath Singh** (Varanasi): I have never said it.

**श्रीरामसेवक यादव** : शर्म नहीं आती (*Interruptions*).

**अध्यक्ष महोदय** : अगर आपने आपस में लड़ाई करनी है, तो मैं हाउस को एडजर्न कर के चला जाता हूं । आप पहले लड़ाई कर लीजिए ।

**श्री मधु लिमये** : देश समझ जायेगा। ठीक है, एडजर्न कर दीजिये ।

**श्री रामसेवक यादव** : न ठीक तरह से बहस चलने दी जाती है, न सवालों के जवाब दिये जाते हैं । सब मामलों में प्रश्न उलझा दिये जाते हैं । तो उसका मतलब यही हो जाता है ।

**एक माननीय सदस्य** : एडजर्न कर दीजिए ।

**13 hrs.**

**Shri Kapur Singh** (Ludhiana): May I say, Sir, as to what is our real position? Our real grievance is that certain positions or postures have been attributed to us which postures and which positions we have never assumed or taken. All the arguments, therefore, which you have based upon them, are arguments which are not valid. We do not require either the Prime Minister or the Defence Minister to take us into confidence in regard to any details. All we want from them is to allay certain apprehensions, serious apprehensions, which all of us have and which are based upon concrete evidence, and to tell us that those apprehensions are not justified in view of the negotiations the Prime Minister is holding or the positions which the Defence Minister's forces are taking up there. This is all what we want.

**अध्यक्ष महोदय** : यह पहले कह दिया है प्राइम मिनिस्टर साहब ने कि मैं उस बात की बाबत गलतफहमी दूर करता हूं । मैंने जो बयान अपना शुरू किया वह इसी बात पर किया कि गवर्नमेंट का यह फर्ज है कि जो इत्तिला, जो जो इनफार्मेशन है उसके बारे में इस वक्त गवर्नमेंट को यह इजाजत देनी होगी कि जितनी इत्तिला वह शेयर करना चाहती है उतनी करे । मुझे याद है और आपको मुझ से ज्यादा याद होगा कि जब इंगलैंड में यह नौबत थी उस वक्त हमेशा अपोजीशन वाले भी यह कहा करते थे कि प्राइम मिनिस्टर जितनी इनफार्मेशन चाहते हैं. . . (*Interruptions*).

**श्री मधु लिमये** : इंगलैंड की बात आप करते हैं लेकिन डोवर पर कब्जा होता तो . . (*Interruptions*).

**Shri A. N. Vidyalankar** (Hoshiarpur): What is this running commentary, Sir? We want to hear you and they do not allow you to speak.

**अध्यक्ष महोदय** : बार बार अपील करके, मुझे ऐसा लगता है कि मैं अपना मज़ाक बनाता हूं । कोई सुनता ही नहीं है मेरी

अपील को । मैं बार बार अपील करते जाना नहीं चाहता हूं । मैं जो कुछ कहना चाहता हूं उस को खत्म कर देना चाहता हूं । आपरेशंज चूंकि मिलिटरी के हाथ में है, इसलिए एडजर्नमेंट मोशन, फेल्योर आफ दी गवर्नमेंट का सवाल पैदा नहीं होता है । मिलिटरी वहां जो चाहेगी जो वह एक्सपीडियट समझेगी, किसी वक्त पीछे हटना या किस वक्त किधर होना, वह चीज तो मिलिटरी के हाथ में रहेगी । इस वक्त एडजर्नमेंट मोशन का सवाल पैदा नहीं होता है (इंटरप्शंज) । लेकिन मैं अपनी बात को जरूर दोहरा देना चाहता हूं । प्राइम मिनिस्टर साहब ने जैसा कहा है, वक्तन फवक्तन जो इन्फार्मेशन वह मुनासिब समझें, जितनी दी जा सकें जितनी देना वह कंट्री के हित में समझें वह जरूर देते रहें और इस हाउस को बराबर इनफार्म्ड रखें जो बातें फैक्ट्स की हों, उनके मुताल्लिक ताकि उसकी जानकारी सदन को भी रहे ।

**श्री मधु लिमये** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है . . .

**श्री रामेश्वरानन्द** : मैं एक विनय करना चाहता हूं ।

**अध्यक्ष महोदय** : अब वह व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठता है ।

**श्री मधु लिमये** : अभी मामला खत्म नहीं हुआ है । मैं व्यवस्था का प्रश्न उठा सकता हूं ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : जो कच्छ का इलाका है कंजर कोट है, बियारबेट वगैरह का इलाका है, जो भी हमारा नक्शा है, अगर उस में से कोई भी जमीन पाकिस्तान के कब्जे में श्री विल्सन अथवा श्री जानसन अथवा गालब्रेथ अथवा किसी और वजह से उन के कहने पर या इनकी कमजोरी के कारण रह जाती है और फिर उसके बारे में लोक सभा के सामने सवाल आता है उस वक्त आप हमारा साथ देंगे और यह कहेंगे कि यह है निकम्मी और नालायक सरकार है सिर्फ इतना ही मैं कहना चाहता हूं

**अध्यक्ष महोदय** : वोट मेरा वहां कोई नहीं होगा ।

**श्री मधु लिमये** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है . . .

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने आपको बुलाया नहीं है । जब तक न कहूं तब तक आप न बोलें ।

**श्री मधु लिमये** : इसी पर व्यवस्था का प्रश्न है । यह मामला खत्म नहीं हुआ है । इस पर मैं व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहता हूं ।

**Mr. Speaker:** I am at a loss to understand how I can proceed. When I take a little strong action, Opposition Members do not support me.

**श्री रामेश्वरानन्द** : मेरी एक प्रार्थना सुन लें ।

**श्री मधु लिमये** : काम रोको प्रस्ताव के बारे में . . .

**अध्यक्ष महोदय** : किस ने आपको इजाजत दी है कि आप बोलें ।

**श्री लाल बहादुर शास्त्री** : स्पीकर महोदय, डा. लोहिया ने बड़ी गर्मी दिखलाई है । कड़े से कड़े शब्दों में . . . (इंटरप्शंज) मेहरबानी कर के आप खामोशी से सुनें । उन्होंने कड़े से कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया है । मैं उसकी चिन्ता नहीं करता हूं । यह उनकी जबान है और वह जो मुनासिब समझें कहें और उसका इस्तेमाल करें । लेकिन इस गवर्नमेंट को चलाने की जिम्मेदारी

[श्री लाल बहादुर शास्त्री]

हमारी है और हम पार्लियामेंट से आदेश लेते हैं, साधारण जितने एक बड़े दायरे में जो बात है, उसके बारे में हम आप से आदेश लेते हैं और आपकी राय लेते हैं और उस के मुताबिक काम करते हैं। लेकिन आप रोज-ब-रोज हम को यहां से एग्जेक्टिव डायरेकशंज दें हर चीज के लिए यह ना-मुमकिन है और हम इसको बरदाश्त नहीं कर सकते हैं।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : पंद्रह अगस्त 1947 को जो सीमा थी, उसको आप याद रखें।

**श्री लाल बहादुर शास्त्री** : मैं इस हाउस से निवेदन करना चाहता हूं कि मैंने कुछ बातें बुधवार के दिन अपनी स्टेटमेंट में, अपनी स्पीच में कही थीं .. (**इंटरपशन**) आखिर हमें भी कुछ मालूम है, और हमें भी कुछ खयाल है कि हमारे देश की इज्जत और हमारे देश का सम्मान किस में है ..

**श्री मधु लिमये** : लद्दाख में क्या हुआ है ?

**श्री लाल बहादुर शास्त्री** : इसका बोझा दो चार पांच ये जो आदमी हैं देश के, ये लिये हुए हैं, और ये लिये रहें, यह बात ना-मुम्किन है, हम इसको नहीं मान सकते हैं और हर्गिज नहीं मानेंगे ....

**श्री किशन पटनायक** : जमीन की बात करो।

**श्री लाल बहादुर शास्त्री** : इस तरह से बातें करने से काम नहीं चलेगा। इस तरह से अगर आप गर्मी हर रोज, हर मिनट पर पैदा करेंगे तो इसका कोई मान, कोई इज्जत नहीं रह जायेगी। इस तरह का कोई ढंग चलने वाला नहीं है। मैं निवेदन करूंगा कि आखिर इन तमाम चीजों को हम शान्ति के साथ कर सकते हैं। मैं नहीं कहता हूं कि आप सवाल न पूछें, आप एडजर्नमेंट मोशन पेश न करें, कालिंग एटेंशन न दें लेकिन ये सब सवाल, सप्लीमेंटरीज वगैरह जो कुछ भी हों, कुछ तो डकोरम के साथ होने चाहिये, कुछ तो जरा शान्ति के साथ आप उन प्रश्नों को पूछें, इधर से उनके शान्ति के साथ जवाब भी दिये जायें। कुछ तो सीमा, कुछ तो मर्यादा हमें रखनी है। एक दम एक दूसरे पर हम कहा सुनी शुरू कर देते हैं, यह तो ठीक नहीं है। इसका नतीजा क्या होगा ? पार्लिमेंटरी तरीके पर इसका बहुत बड़ा खतरा और संकट हो सकता है, बहुत बड़ा खतरा और संकट लाने वाली बात होगी। मैं दरख्वास्त करूंगा विरोधी दल के साथियों और मित्रों से कि जरूर वे पूरी तरह से सवाल करें। आपको विश्वास में लेना हमारा काम है और हम उसे करेंगे। आपके सवालों का जवाब भी देंगे। वह हमारी बात है, हमारा फर्ज है और हम उसको पूरा करेंगे। लेकिन कुछ थोड़ी बहुत, इसकी लिमिट, इसकी मर्यादा हम सब को इस सारे सदन में, सारे भवन में रखनी चाहिये।

यह बात साफ मैं फिर आप से कह दूं कि मैंने बुद्धवार के दिन कहा था कि हम शान्ति का रास्ता मानने को तैयार हैं बशर्तेकि स्टेट्स को एंटी रेस्टोर हो। वह बात मैंने कही थी और अब भी और आज भी मेरे मन में वही बात है। रत्ती भर भी अलग हटें तब कोई बात पैदा होती है।

**श्री मधु लिमये** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

अध्यक्ष महोदय : जी नहीं ।

श्री मधु लिमये : सुन लीजिये । उसको आप स्वीकार करें या न करें, यह आप पर है ।

अध्यक्ष महोदय : श्री रंगा ।

श्री मधु लिमये : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है तो आप रंगा साहब को कैसे बुला सकते हैं । आप सुन तो लें, और उसको सुनने के बाद आप अस्वीकार कर सकते हैं ।

श्री रघुनाथ सिंह : आप बैठिये । व्यवस्था, व्यवस्था, व्यवस्था कितनी बार चलेगी ।

**Shri Ranga:** Mr. Speaker, Sir, as home hon. Members from the different Opposition groups have just now said, it would have been much better, you would have been helped, the House would have been helped and all our hon. friends could have felt much less concerned, if my hon. friend the Leader of the House, had taken the House into his confidence....

**Shri Frank Anthony** (Nominated-Anglo-Indians): He said it on Wednesday .

**Shri Ranga:**....and uttered the last three sentences which he has uttered just now. My complaint is just this—you may dismiss it; but I feel it very genuinely—that almost all this trouble could have been avoided if only, as he made his first statement, he had thought it fit also to give that assurance which in the end, after all this trouble, he gave. It looks as though it was extracted from him. He could have said it earlier.

Sir, I am all in agreement with him when he said that we should maintain the status the prestige, he dignity and the decorum of this House. You must have noted it also how so many of us, quite a number of us, who could have said several other things which have been said, by others and rightly they were said, did not do so: we did not refer to any such things. We kept ourselves within much less than the ordinary queries we could have raised on this question. But, instead of that, what is it that we have got from you to choose? I am not making any observation. In that observation I could have expected—may be, I would have been wrong in having that expectation—within reason, in the light of the observations I myself have made, that you would say, that as you cannot observe the normal parliamentary practices on such occasions when these details could not possibly be given openly, in the interests of the country, to the whole of the House, certainly, in the same way in which it is done in England, and sometimes in America too on such rare occasions when there is a national crisis, that other parties, parties other than the ruling party, are taken into confidence and their patriotism also—we do not distrust or question their patriotism—would be taken for granted by Government, as also our sense of responsibility, and we would be given an opportunity, as far as it is consistent with the general secrecy, with the ultimate secrecy that the Government has got to maintain for itself, to express our views, that we would be taken into confidence and our views and reactions obtained and, thereafter, take the final decision because, as I have said earlier, the final decision rests with them because they have to carry on the Government and we do not question that. Now, that much at least I expected them to concede. But I do not know, my hon. friend, the Leader of the House, seems to be hesitant to make the concessions that are absolutely necessary, the concessions that ought to have been made by him of his own.

**Shri N. C. Chatterjee** (Burdwan): May I just say a word? After the categorical declaration made by the

[Shri N. C. Chatterjee]

Prime Minister that there will be no deflection from the very clear announcement that he made, that the condition-precedent to cease-fire shall be the vacation of aggression and that he still sticks to that, I think there should be an end to all discussion now. We stand by the Prime Minister and the Government and we hope they will carry out this solemn declaration.

**Shri Lal Bahadur Shastri:** I shall take only one minute. I merely wanted to clarify what I have just now said, at the end of my observations. I shall just repeat what I said in the statement in the beginning. I do not know if Shri Ranga remembers it, but I did say in that:

> "I would, however, assure the House that we shall not accept anything which is not consistent with what I had stated last Wednesday, which this House so generously endorsed."

I had already made it quite clear.

**श्री बृजराज सिंह (बरेली) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आप के जरिये प्रधान मंत्री जी से एक निवेदन करना चाहता हूं । वे आज इस अपोजीशन को उस प्रकार से देखें जिस प्रकार से दूध का जला मट्ठा फूक फूक कर पीता है । यह अपोजीशन दूध का जला हुआ है । प्रधान मंत्री जी के प्रडेसेसर ने ऐसे एश्योरेंसेज दिये थे इस हाउस में । जब वे पूरे नहीं हुए तब इस हाउस को बड़ी निराशा हुई । आज जो अपोजीशन का मन इतना कच्चा पड़ गया है कि बार बार आप से आश्वासन चाहता है, वह उन गलतफहमियों के कारण है । चुनाचे मैं निवेदन करूंगा कि इस पुरानी बात को ध्यान में रखते हुए समय समय पर अगर आप इस प्रकार के स्पष्टीकरण करते रहेंगे तो हमारा मनोबल भी ऊंचा रहेगा और हम आप के साथ सहयोग भी पूरी तौर से कर सकेंगे ।

**Mr. Speaker:** Now we will take up papers to be laid on the Table.

**श्री मधु लिमये :** मैं एक स्पष्टीकरण चाहता हूं कि बिना अपनी जमीन वापस लिये हुए गोलीबन्दी तो नहीं की जायेगी, युद्ध-विराम तो नहीं होगा ?

---

**13:15 hrs.**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

NOTIFICATIONS UNDER MINES AND MINERALS (REGULATION AND DEVELOPMENT) ACT, AND ANNUAL REPORT ETC., OF SINGARENI COLLIERIES.

**The Minister of Steel and Mines (Shri Sanjiva Reddy):** Sir, I beg to lay on the Table a copy each of the following papers:

(1) Notification No. SO 556 dated the 10th April, 1965, under sub-section (1) of section 28 of the Mines and Minerals (Regulation and Development) Act, 1957. [*Placed in Library, See* No. LT-4311|65.]

(2) (i) Annual Report of the Singareni Collieries Company Limited, Hyderabad, for the year 1963-64 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor-General thereon, under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956.

(ii) Review by the Government on the working of the above company.

[*Placed in Library, See No.* LT-4312|65].